हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 20 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 36 .4डिग्री
न्यूनतम 24 .8 डिग्री

11 भैणी सुरजन गांव के खेतों में बढ़ा जलस्तर किसानों ने ...



12 मुठभेड़ मामले में तीनों आरोपी कोर्ट में पेश



खबर संक्षेप

### डॉ. रूप सिंह को रजिस्ट्रार यूएचएसआर का अतिरिक्त प्रभार

**रोहतक।** पीजीआईएमएस के सीनियर प्रोफेसर सीनियर डॉ रूप सिंह को रजिस्ट्रार यूएचएसआर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ रूप सिंह सीनियर प्रोफेसरऔर विभागाध्यक्ष, आर्थोपेडिक्स, और प्रिंसिपल, कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी हैं। वे अग्रिम आदेशों तक रजिस्ट्रार यूएचएसआर के पद पर कार्य करेंगे। गौरतलब है कि कार्यवाहक कुलपति डॉ एचके अग्रवाल को स्थाई कुलपति के तौर पर नियुक्ति देने के बाद रजिस्ट्रार का पद खाली हो गया था।



### इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाई

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए सर्टिफिकेट कार्यक्रमों को छोड़कर डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी है। यह उच्च शिक्षा प्राप्त करने के ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो किसी कारणवश अब तक प्रवेश नहीं ले सके हैं।

### गिरावड़ के पास व्यक्ति से हथियार के बल पर लूट

**रोहतक।** गांव गिरावड़ में बाइक सवार दो युवकों ने एक व्यक्ति से हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित सतपाल ने बताया कि वह जुलाना में एक आढ़ती से डेढ़ लाख रुपये लेकर अपने गांव लौट रहा था, तभी गांव खरैंटी से गिरावड़ के बीच ड्रेन के पास दो आरोपियों ने उसे रोककर लूट लिया। आरोपियों ने पिस्तौल तानकर उसकी जेब से पैसे निकाल लिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित सतपाल ने बताया कि आरोपी बाइक पर आए और ड्रेन के पास उसके ऊपर पिस्तौल तान दी।

### मेधावी छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत पात्र विद्यार्थी आगामी 31 जनवरी तक आवेदन कर सकते है। इस योजना के तहत 4 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाले अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति, डी, एन, टी, एस टपरीवास एवं पिछड़ा वर्ग (ए व बी) तथा अन्य समुदाय के छात्र आवेदन कर सकते है। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यार्थी अपना ऑनलाइन आवेदन नजदीकी सी एस सी व सरल केन्द्र से भर सकते है।

# अब ओपीडी में ही मरीजों को मिलेगी फिजियोथैरेपी की सुविधा

## कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी के हड्डी रोग विभाग में भी अब मरीजों को मशीनों के माध्यम से फिजियोथैरेपी की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इस नई सुविधा का उद्घाटन कुलपति प्रो. डॉ एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसके सिंघल, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. कुंदन मित्तल और आर्थोपेडिक्स विभाग के प्रमुख डॉ. रूप सिंह ने किया। कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल ने कहा कि अब हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में मरीजों को अच्छी फिजियोथैरेपी सुविधा प्रदान करने के लिए दो मशीन लगवाई गई है ताकि मरीजों को चिकित्सा के नजदीकी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके। इस ओपीडी में दो अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी मशीनें स्थापित की गई हैं जो रोगियों को उच्च गुणवत्ता वाली फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान करेंगी। कुलपति प्रो. डॉ. अग्रवाल ने कहा कि पीजीआईएमएस का उद्देश्य अधिक से अधिक मरीजों को गुणवत्तापूर्ण फिजियोथेरेपी सेवाएं उपलब्ध कराना है ताकि वे शीघ्र स्वस्थ होकर सामान्य जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने कहा कि नई फिजियोथेरेपी ओपीडी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे रोगियों को बहुत लाभ होगा। डॉ अग्रवाल ने कहा कि फिजियोथेरेपी के माध्यम से मरीज बिना दावों के भी ठीक हो सकता है ऐसे में फिजियोथैरेपी मरीज के लिए बहुत अहम रोल अदा करती है।

**नई ओपीडी में कमरा नंबर 42 में भी इलाज मिलेगा**



**रोहतक।** फिजियोथैरेपी ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ करवाते कुलपति प्रो. डॉ एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसके सिंघल व आर्थोपेडिक्स विभाग के प्रमुख डॉ. रूप सिंह। फोटो : हरिभूमि

### मरीजों को मिलेगी जल्दी राहत

निदेशक डॉ. सिंघल ने कहा कि पीजीआईएमएस में फिजियोथेरेपी सेवाओं का विस्तार करना हमारी प्राथमिकता है। नई फिजियोथेरेपी ओपीडी के शुरू होने से रोगियों को अपनी बीमारियों से जल्दी ठीक होने में मदद मिलेगी और वे अपने जीवन को सामान्य बना सकेंगे।

### फिजियोथैरेपी से रोगी जीवन को बना सकते हैं सामान्य

चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुंदन मित्तल ने बताया कि फिजियोथेरेपी कई प्रकार की बीमारियों और चोटों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह न केवल दर्द को कम करने में मदद करती है, बल्कि रोगियों को अपनी शारीरिक क्षमता को पुनः प्राप्त करने में भी सहायता करती है। डॉ कुंदन ने कहा कि फिजियोथेरेपी के माध्यम से रोगी अपने जीवन को सामान्य बना सकते हैं और अपनी दैनिक गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकते हैं।

### उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं मिलेगी

फिजियोथेरेपी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रूप सिंह ने बताया कि हड्डी रोग विभाग की ओपीडी के साथ फिजियोथेरेपी ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण कदम है जो रोगियों को उच्च गुणवत्ता वाली फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान करेगा। इस नई सुविधा से रोगियों को अपनी बीमारियों से जल्दी ठीक होने में मदद मिलेगी और वे अपने जीवन को सामान्य बना सकेंगे। डॉ रूप सिंह ने बताया कि इससे पहले सभी मरीजों को पुरानी बिल्डिंग में जाना पड़ता था अब इससे काफी मरीज को यही नई ओपीडी में कमरा नंबर 42 भी इलाज मिल सकेगा। हड्डी रोग विभाग के प्रोफेसर एवं जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉक्टर उमेश यादव ने कहा कि पीजीआईएमएस रोहतक का यह प्रयास मरीजों के लिए एक बड़ा सहारा साबित होगा।

### मौजूद रहे

इस अवसर पर डॉ आशीष देवगन, डॉक्टर हेमंत मोर, डॉ बिजेंद्र ढिल्लो, डॉ अजय श्योराण, डॉ उमेश यादव, डॉ भावना, डॉक्टर पूनम, डॉक्टर डिंपल, विक्रम यादव सहित कई चिकित्सक उपस्थित रहे।

## बरसात की वजह से टेंडर नहीं हो रहे जारी, पहले नहीं ली सुध

# पानी से लबालब सड़कें, गड्ढों से गुजरने पर आफत में जान

- तिलयार के सामने वाला रोड सबसे बड़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की अधिकतर सड़कें लोगों के लिए जानलेवा सफर का कारण बनी हुई हैं। वाहन चालक गहरे गड्ढों का शिकार बन रहे हैं। बारिश की वजह से गड्ढे.अदृश्य होने की वजह से खतरा और बढ़ गया है। कहीं सीवर के मेनहाल के ढक्कन नहीं है तो कहीं सड़कों पर आधा फुट से ज्यादा गहरे गड्ढे हैं। मंगलवार को भी ऐसा ही हुआ। कुछ समय की बरसात के सड़कें जलमग्न हो गई। जिसकी वजह से कई जगह लोग सड़कों पर गिरकर घायल होते रहे। कई सड़के तो ऐसी हैं जहां वनवे होने की वजह से वाहन चालकों की जान पर बन आती है। बरसात की वजह से प्रशासन अभी टेंडर भी जारी नहीं कर पा रहा। ऐसे में लोगों में रोष होना लाजमी है। इस समय अधिक्तर सड़कें जर्जर अवस्था में हैं। बरसात की वजह से सड़कें जलमग्न हो रही हैं। इस वजह से यहां बने हुए गहरे गड्ढे वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते। गोहाना अड्डा से सुखपुरा चौक, वीटा प्लांट चौक से गोहाना रोड, वीटा प्लांट से जींद बाईपास, सनसिटी रोड, भाजपा कार्यालय के बाहर, राजीव गांधी खेल परिसर रोड, सोनीपत रोड, दिल्ली रोड, झज्जर बाईपास, भिवानी रोड और हिसार रोड पर कई जगह गहरे गड्ढे.बने हुए हैं।

**बाबा मस्तनाथ मठ के सामने वाले रोड पर जलभराव**



### कई सड़कें छह साल पुरानी

शहर की कई सड़कों का पिछले पांच छह साल से निर्माण ही नहीं हुआ है। इनमें बाबा मस्तनाथ मठ के सामने स्थित रोड, जींद बाईपास, लाढ़ौत रोड, सनसिटी रोड सहित कई एरिया शामिल हैं।

### किला रोड हुआ जलमग्न

बारिश की वजह से किला रोड भी जलमग्न हो गया। इसकी वजह से नगर निगम द्वारा यहां शुरू करवाया गया कार्य प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा रेडियो स्टेशन, गोहाना अड्डा, गोहाना रोड, राहड रोड, सैनी स्कूल रोड, रेलवे रोड आदि एरिया में बारिश का पानी भर गया।





**रोहतक।** तहसील कार्यालय का कमरा न. 5, टपक रही छत।

### कभी छत न गिर जाए

तहसील का कमरा नम्बर पांच भी बारिश भी जलमग्न हो गया। यहां छत कभी भी गिर सकती है। छत टपकती रहती है। बारिश के मौसम में कर्मचारी यहां भय के साये में बैठे रहते हैं। उन्हें डर रहता है कि कभी यहां कोई हादसा न हो जाए। इस कमरे की छत को तत्काल रिपेयर की जरूरत है।

### यहां बचना मुश्किल

दिल्ली बाईपास से आईएमटी तक जाने वाला रोड बुरे हालात में है। करीब पांच साल पहले यहां अमृत योजना के तहत पाइप लाइन दबाए गए थे। इसके बाद यह लाइन बार बार लीकेज होती रही और सड़कें टूटती रही। वीआईपी आने पर रिपेयर की गई, जो ज्यादा दिन तक नहीं चली। इस समय यह रोड सबसे अधिक जानलेवा है। दिल्ली से रोहतक आने वाले वाहन चालकों का सड़क का अंदाजा नहीं होता और वह यहां हादसे का शिकार बन जाते हैं। कई जगह गड्ढों के अलावा यह सड़क उबड़ खाबड़ भी है।

### हाउस की मीटिंग में उठ चुकी मांग

नगर निगम की हाउस की बैठकों में सबसे ज्यादा चर्चा गंदे पानी और टूटी सड़कों को लेकर होती है। इस पर आयुक्त और मेयर से जवाब मांगा जाता है। आश्वासन तो मिलते हैं लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से पार्षदों में भी रोष बना हुआ है। उनका साफ कहना है कि सुनने वाला कोई नहीं है, हम केवल मांग उठा सकते हैं।

### सेक्टर एक की सड़कें टूटी

सेक्टर एक में काफी दिनों से सड़कें टूटी पड़ी हैं। बरसात की वजह से तो रोडी तक उखड़ गई हैं जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन एरिया में भी दुपहिया वाहन चालक सड़कों पर गिरकर घायल हो रहे हैं। यहां भी नगर निगम ने काफी समय से सुध नहीं ली है।

## स्वास्थ्य विभाग ने हापुड़ में लिंग जांच केंद्र का किया भंडाफोड़

# दलाल सुधा ने 30 हजार में किया सौदा, 17500 रुपये के साथ पकड़ी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हापुड़ में चल रहे भ्रूण लिंग जांच केंद्र का भंडाफोड़ किया है। जहां से अल्ट्रासाउंड मशीन सहित कैश और अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सिविल सर्जन डॉ रमेश चंद्र की टीम को रोहतक एवं हरियाणा की गर्भवती महिलाओं की अवैध भ्रूण लिंग जांच हापुड़ तथा अमरोहा के पास दलाल सुधा द्वारा करवाई जा रही है। जिसके आधार पर टीम का गठन किया गया। जिसमें डॉ विश्वजीत राठी , डॉ विशाल चौधरी तथा आकाश पराशर को शामिल किया गया। टीम ने सुधा से सम्पर्क किया। जिस पर दलाल सुधा ने आश्वासन दिया कि वह 30 हजार में हापुड़ के आसपास गर्भवती महिला की भ्रूण लिंग जांच मंगलवार को करवा सकती है। आप गर्भवती महिला को लेकर हापुड टोल के पास आ जाना। जिसके बाद टीम ने एक गर्भवती महिला छिछराना, सोनीपत निवासी महिला को बतौर ग्राहक साथ लिया और उसे लेकर मौके पर पहुंचे। जहां पहुंचने पर आकाश द्वारा दलाल सुधा को फोन किया गया। जिसके कुछ देर बाद दलाल सुधा आकर ग्राहक की गाड़ी में बैठ गई। हापुड़ पहुचने से पहले गठित टीम द्वारा उच्च अधिकारियों के माध्यम से जिला हापुड़ तथा अमरोहा के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क साधा गया। दलाल सुधा महिला ग्राहक की गाड़ी में बैठकर गांव के अन्दर कहीं चला गया। कुछ समय बाद ग्राहक को वापस लाकर गाड़ी से कुछ दूर छोड़ दिया। भ्रूण लिंग जांच होने के बाद देवेन्द्र और अमन ने बताया कि गर्भ में लड़का है या लड़की, हमने सुधा को बता दिया है वह आपको बता देगी। टीम ने मौके से अल्ट्रासाउण्ड मशीन चार्जर व अल्ट्रासाउण्ड जैली को मौके से जब्त किया। मौके से 17500 रुपये सुधा के पास मौजूद बैग से जब्त किए गए।

WE CARE MULTISPECIALITY HOSPITAL | VENKATESHWAR HOSPITAL

वेंकटेश्वर हॉस्पिटल, नई दिल्ली
एवं
वी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी, हॉस्पिटल, रोहतक, हरियाणा
के सौजन्य से
सुपर स्पेशलिटी ओ.पी.डी.

मेडिकल ऑन्कोलॉजी (कैंसर) — 22 अगस्त, 2025, 5 एवं 19 सितम्बर, 2025, हर महीने के पहले एवं तीसरे शुक्रवार को
किडनी रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट — 22 अगस्त, 2025, 12 एवं 26 सितम्बर, 2025, हर महीने के दूसरे एवं चौथे शुक्रवार को
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी (कैंसर) — 25 अगस्त, 2025, 8 एवं 22 सितम्बर, 2025, हर महीने के दूसरे एवं चौथे सोमवार को
न्यूरोसर्जरी — 11, सितम्बर, 2025, हर महीने के दूसरे गुरुवार को

सुबह 10:30 बजे से दोपहर के 01:30 बजे तक
वी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सोनीपत रोड, विकास नगर, रोहतक, हरियाणा -124001
वेंकटेश्वर हॉस्पिटल सभी TPAs | Insurance | CGHS | ECHS | CAPF के पैनल पर हैं
7290072988, 7404347360/61 | Sector 18A, Dwarka www.venkateshwarhospitals.com

**मानसून** | खूब बरसे बदरा, दोपहर तक अच्छी धूप, शाम को जमकर बारिश

# रोहतक में अब तक 414 एमएम बरसात सामान्य स्तर 302.7 से 112 एमएम अधिक

## 5 जिलों में कम 6 में सामान्य और 11 में अधिक पानी गिरा

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

प्रदेश में मानसून की झमाझम होते हुए अब डेढ़ महीने से ज्यादा हो गया है। लगभग इतना ही समय अब बरसात का अभी शेष भी है। बारिश को लेकर आईएमडी चंडीगढ़ ने जो विश्लेषण किया है, उसके मुताबिक राज्य के 11 जिलों में जमकर, 6 में सामान्य और 5 जिलों में कम बारिश हुई। वहीं, रोहतक में सुबह अच्छी धूप खिली, दोपहर बाद बादल छाए और तेज बारिश हुई। इस मानसून सीजन में अब तक 414 एमएम बरसात हो चुकी है, जोकि सामान्य स्तर 302.7 से 112 एमएम अधिक है। अभी आने वाले दिनों में अच्छी बारिश की संभावना है। इसके अलावा जिन जिलों में ज्यादा पानी गिरा है, वहां बाढ़ जैसे हालात इस समय बने हुए हैं। चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए ताजा पूर्वानुमान में बताया गया है कि आगामी 21 अगस्त तक ऐसे ही रुक-रुककर बरसात का दौर जारी रहेगा। मौसम के सामान्य हालात में सितंबर के अंतिम सप्ताह में आमतौर पर मानसून विदा होता है।

### ये है गणित

अंबाला में सामान्य से 37 प्रतिशत, जींद में 34,कैथल में 33,करनाल में 17, पंचकूला में 46 फीसदी कम बरसात गत 18 अगस्त तक हुई है। बरसात भले ही कम हुई हो। लेकिन खरीफ को लेकर लंबा-चौड़ा संकट नहीं है। किसानों के पास फसलों की सिंचाई के इन जिलों में तमाम संसाधन मौजूद हैं। भिवानी, फरीदाबाद,पानीपत, सिरसा और सोनीपत ऐसे जिले में हैं, जहां किसानों को फसलों के लिए जितनी बरसात की जरूरत थी, उतनी बारिश हुई। जिन जिलों में सामान्य से अधिक पानी गिरा है, उनमें महेंद्रगढ़ से सबसे टॉप में है। यहां सामान्य से लगभग दोगुना पानी पड़ चुका है।

### रोहतक के कई गांवों में फसलें तबाह

आईएमडी का कहना है कि महेंद्रगढ़ में 105 प्रतिशत, चरखीदादरी में 43, गुरुग्राम में 24, हिसार में भी 24, झज्जर में 70, कुरुक्षेत्र में 60, पलवल में 42, नूंह में 65, रेवाड़ी में 52, यमुनानगर में 21 और रोहतक में सामान्य से 37 प्रतिशत अधिक बरसात हुई है। रोहतक के कई गांवों में तो फसलें तबाह हो चुकी हैं। किसान कई दिन तक अफसरों के यहां इधर से उधर घूमते रहे तो सरकार ने अब जाकर क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला है। ताकि किसान बरसात से तबाह हुई फसलों का मुआवजा लेने के लिए अपनी शिकायत पोर्टल पर दर्ज करवा सकें। रोहतक के अलावा चरखी दादरी, भिवानी और हिसार जिलों के किसानों के लिए खोला गया है। किसान आगामी 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

| जिलावार आंकड़े | अभी तक हुई वर्षा | सामान्य वर्षा एमएम |
|---|---|---|
| अंबाला | 352.4 | 558 |
| भिवानी | 196.3 | 194.2 |
| चरखीदादरी | 389.5 | 272.9 |
| फरीदाबाद | 343 | 331.5 |
| फतेहाबाद | 165.9 | 173.2 |
| गुरुग्राम | 384.6 | 309.9 |
| हिसार | 248.5 | 200.8 |
| झज्जर | 413.6 | 243.5 |
| जींद | 168.3 | 253.5 |
| कैथल | 161 | 242 |
| करनाल | 272.9 | 330.5 |
| कुरुक्षेत्र | 422 | 264.2 |
| महेंद्रगढ़ | 548.1 | 268 |
| नूंह | 483.4 | 292.5 |
| पलवल | 344.7 | 243.4 |
| पंचकूला | 307.8 | 568.5 |
| पानीपत | 279.6 | 278 |
| रेवाड़ी | 431.3 | 283 |
| रोहतक | 414 | 302.7 |
| सिरसा | 154.7 | 149.9 |
| सोनीपत | 291 | 300 |
| यमुनानगर | 715.4 | 590.3 |



### झमाझम बरसे बदरा

**रोहतक।** जिले में अभी तक सामान्य से 37 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। सबसे ज्यादा बरसात महम खंड में हुई। वहां हालात बाढ़ जैसे बन चुके हैं। रोहतक खंड में भी अब स्थितियां खराब होने की पूरी आशंका बन गई। मंगलवार शाम को इस क्षेत्र में फिर से 20 एमएम बरसात हुई है। इससे पहले बीते 17 अगस्त को भी रोहतक ब्लॉक में 13 मिलीमीटर बारिश हुई थी। रुक-रुककर लगातार हो रही बारिश से कई गांवों में फसलों के हालात सही नहीं बताए जा रहे हैं। रोहतक खंड में एक जून से लेकर 19 अगस्त तक 487 मिलीमीटर पानी गिर चुका है। जून में 51, जुलाई में 321 और 19 अगस्त तक 115 एमएम बरसात दर्ज हुई है। ध्यान रहे कि आईएमडी चंडीगढ़ ने 21 अगस्त तक अच्छी बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। ऐसे में किसानों को दिक्कतें होने की आशंका हो गई है।



# अली फजल की नई वेब सीरीज राख का ऐलान

**नई दिल्ली।** अली फजल न केवल फिल्मी दुनिया, बल्कि ओटीटी पर भी कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कई वेब सीरीज में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों का दिल जीता है। अब वह फिर से नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं जिसकी अनाउंसमेंट भी हो गई है। ओटीटी की नई वेब सीरीज में अली फजल पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाने वाले हैं। सीरीज की कहानी थ्रिल और सस्पेंस से भरी होने वाली है जो अपराध और न्याय के इर्द-गिर्द घूमेगी। एंडेमोलशाइन इंडिया और गुलबदन टॉकीज के बैनर तले बनी सीरीज एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर होगी। इस वेब सीरीज का नाम राख है। इस सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय कर रहे हैं।

लाइफ Style

# हुमा
## खुद कहानियां बनाने का किया फैसला



बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हाल ही में निर्माता बनने के फैसले को लेकर कई खुलासे किए। साथ ही उन्होंने बताया कि आखिर वह निर्माता क्यों बनना चाहती हैं। हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम जल्द ही अपनी पहली प्रोडक्शन फिल्म 'बेबी डू डाई डू' रिलीज करने वाली हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनय के अलावा, दोनों ने अब निर्माता बनने का फैसला किया है, ताकि वे अच्छी कहानियों को खुद चुन सकें और उन्हें दर्शकों तक पहुंचा सकें। हुमा का कहना है कि अभिनेत्री के तौर पर उन्हें हमेशा दूसरों के चुने हुए रोल पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे उनमें निराशा थी, क्योंकि वे और भी बहुत कुछ कर सकती थीं। इसीलिए, उन्होंने और साकिब ने खुद कहानियां बनाने का फैसला किया। उनकी पहली प्रोडक्शन फिल्म जल्द रिलीज होगी और इसके बाद हुमा एक इन्वेस्टिगेटिव फिल्म 'बयान' में नजर आएंगी। 39 साल की हुमा ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में गैंग्स ऑफ वासेपुर, डेढ़ इश्किया और जॉली एलएलबी 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। अब वह नई और अच्छी कहानियां लाना चाहती हैं। वे कहती हैं कि उन्होंने और साकिब ने दूसरों के मौके का इंतजार करने के बजाय खुद मौके बनाने का फैसला किया। वे अपने प्रोडक्शन हाउस को ऐसा बनाना चाहती हैं, जहां नए चेहरों को मौका मिले और काम का माहौल बेहतर हो। हुमा का कहना है कि वे दूसरों की गलतियों को नहीं दोहराएंगी। भविष्य में वे बड़ी फिल्में बनाना चाहेंगी, लेकिन नए टैलेंट को मौका देने की कीमत पर नहीं।

हॉलीवुड मसाला



# 25 फिल्मों के बाद भी कम नहीं हुआ क्रेज

**नई दिल्ली।** जेम्स बॉन्ड एक फिक्शनल जासूस कैरेक्टर है, जिसे ब्रिटिश राइटर इयान फ्लेमिंग ने 1953 में बनाया था। पहली फिल्म से मशहूर होने के बाद जेम्स बॉन्ड पर 25 फिल्में बन चुकी हैं। लेकिन, अभी भी दर्शकों के साथ-साथ फिल्म मेकर्स का इस कैरेक्टर को लेकर क्रेज खत्म नहीं हो रहा है। बॉन्ड फिल्में अपने साउंडट्रैक समेत कई बेहतरीन चीजों के लिए जाना जाता है। इसके थीम सॉन्ग्स को कई बार ऑस्कर में नॉमिनेश और तीन बार अवॉर्ड भी मिले। ज्यादातर फिल्मों में बॉन्ड की कारें, उनकी बंदूकें और बॉन्ड गर्ल्स को काफी पसंद किया गया है।



# बैटमैन की आ चुकी हैं 18 मूवीज 10 एक्टर्स बने सुपरहीरो

**नई दिल्ली।** डीसी फिल्म्स ने सुपरहीरो मूवीज की शुरुआत की और सुपरमैन के बाद सबसे हिट फ्रेंचाइजी बैटमैन थी। बैटमैन की 18 मूवीज आ चुकी हैं। 10 एक्टर्स सुपरहीरो बने। बैटमैन पहली बार बड़े पर्दे पर 1943 में पहुंचा था। इसका निर्माण कोलंबिया पिक्चर्स ने किया था। यूं तो यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह एपिसोडिक थी। इसके कुल 15 चैप्टर सिनेमाघरों में रिलीज हुए थो जो हफ्ते में एक बार आते थे। उस वक्त बैटमैन का किरदार लैम्बर्ट हिलियर ने निभाया था और उन्होंने अपने किरदार में जान फूंक दी थी। यह सीरीज इतनी हिट हुई थी कि इसे कोलंबिया पिक्चर्स ने 1954 और 1962 में री-रिलीज किया था। बैटमैन डीसी कॉमिक्स का एक फिक्शनल कैरेक्टर है। इसका असली नाम ब्रूस वेन है जो बहुत अमीर है और गौथम शहर में रहता है।



# डर के बाद पहली बार पहुंचे यशराज स्टूडियो

**मुंबई।** सनी देओल और यशराज फिल्म्स ने साल 1993 में बॉलीवुड को ब्लॉकस्टर फिल्म 'डर' दी थी। लेकिन, इसके बाद उसने फिर दोबारो कभी यश चोपड़ा और आदित्य चोपड़ा के साथ काम नहीं किया। कथित तौर पर सनी देओल का सेट पर वाईआरएफ से झगड़ा हुआ था। लेकिन, अब 30 साल बाद अचानक सनी को आदित्य चोपड़ा के स्टूडियो के बाहर देखा गया। कयास लगने शुरू हो गए कि शायद तीन दशक पुरानी रार अब खत्म हो गई है। चर्चा यह भी शुरू हुई कि क्या 30 साल बाद यह जोड़ी फिर से किसी नई फिल्म की तैयारी में है! सनी देओल यकीनन वाईआरएफ के स्टूडियो पहुंचे थे। लेकिन, यह किसी फिल्म के लिए मुलाकात नहीं थी। असल में एक्टर वहां संगीतकार मिथुन से मिलने गए थे, जिन्हें उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए साइन किया है।



# कांतारा चैप्टर-1 में गुलशन बनेंगे कुलशेखर

**मुंबई।** कांतारा चैप्टर 1 की रिलीज में जहां अब डेढ़ महीने का वक्त बचा है, वहीं मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की कास्ट से गुलशन देवैया का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया है। वह फिल्म में कुलशेखर के किरदार में नजर आएंगे। कांतारा चैप्टर 1 ऋषभ शेट्टी की साल 2022 में रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है। यह वह फिल्म है, जिसने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाइयां दीं। महज 16 करोड़ के बजट में बनी और देश में 309.64 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। यही नहीं, ऋषभ शेट्टी को इसके लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला। 'कांतारा' की रहस्यमयी दुनिया में गुलशन देवैया के किरदार की पहली झलक अपने आप में उत्सुकता को बढ़ाने वाली है। पोस्टर में गुलशन का किरदार शाही अंदाज में सिंहासन पर विराजमान है।

टीवी मसाला



# बिंजोला परिवार के आने से गोकुलधाम में बढ़ेगी रौनक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में जब भूतनी वाला ट्रैक जोड़ा गया तो यह तीन हफ्ते लगातार टीआरपी में नंबर वन रहा, पर इसके बाद इसकी टीआरपी गिर गई। अब मेकर्स एक और ट्विस्ट लेकर आए हैं। 'तारक मेहता' की गोकुलधाम सोसाइटी में अब एक नए परिवार की एंट्री हो गई है, जो ट्विस्ट के साथ कॉमेडी का जायका और बढ़ाएगी। इस परिवार के आने से अब शो में न सिर्फ नए किरदारों की एंट्री हुई है, बल्कि दर्शकों को नई कहानी और नया फ्लेवर देखने को मिलेगा। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में धरती भट्ट, कुलदीप गौर, अक्षान सहरावत और माही भद्रा की नई एंट्री हुई है। कुलदीप गौर शो में रतन बिंजोला नाम के साड़ी बेचने वाले दुकानदार का रोल निभाएंगे, जो जयपुर का रहने वाला है। धरती भट्ट, रतन बिंजोला की पत्नी रूपा के रोल में नजर आएंगी। रूपा एक हाउसवाइफ ही नहीं, बल्कि कंटेंट क्रिएटर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी है। वहीं, अक्षान सहरावत और माही दोनों रतन और रूपा के बच्चों का किरदार निभाएंगे। 'तारक मेहता' में अभी तक टप्पू सेना की थी, जिसने अपनी मासूमियत और शरारतों से गोकुलधाम के निवासियों का ही नहीं, बल्कि दर्शकों भी दिल जीत लिया था। अब टप्पू सेना के अलावा सोसाइटी में दो नए बच्चे आए हैं, जो दर्शकों का दिल जीतने के लिए कमर कस चुके हैं।

## केबीसी में दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने जीते 25 लाख

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के लेटेस्ट एपिसोड में हॉट सीट पर गुजरात के दिहाड़ी मजदूर के बेटे संजय देगामा बैठे। अमिताभ बच्चन ने 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' राउंड करवाया, जिसमें संजय देगामा के अलावा



स्नेहा ज्वारे को 'जल्दी 5' राउंड खेलने के लिए चुना गया। इसमें संजय देगामा जीते और उन्होंने हॉट सीट पर बैठने का मौका मिला। संजय देगामा ने 25 लाख रुपए जीते, पर 50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दे सके। अमिताभ बच्चन ने संजय से जो सवाल पूछा था, वह था: साल 1973 में हैंस एन्गर्ट को हराकर कौन से भारतीय विंबलडन के दूसरे दौर में पहुंचे थे? इसके चार विकल्प दिए गए थे- ए) चिरादीप मुखर्जी, बी) गौरव मिश्रा, सी) जयदीप मुखर्जी और डी) नंदन बाल। संजय देगामा को इसका जवाब मालूम नहीं था, इसलिए उन्होंने गेम छोड़ने का फैसला किया। हालांकि, क्विट करने के बाद उन्होंने 50 लाख के सवाल का जवाब दिया। उन्होंने ऑप्शन बी) गौरव मिश्रा चुना, जो गलत जवाब था। सही जवाब ऑप्शन ए) चिरादीप मुखर्जी था।

# शोले: एक फिल्म जिसने रचे कई कीर्तिमान



डॉ.वशिष्ठ.एम.सी




दशकों से भारतीय दर्शकों का पसंदीदा रही फिल्म ''शोले'' इस साल 50 साल की हो जाएगी। 15 अगस्त, 1975 को यह फिल्म रिलीज़ हुई थी। बॉलीवुड के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई इस फिल्म के लेखक सलीम-जावेद थे, निर्माता जी. पी. सिप्पी थे और निर्देशक रमेश सिप्पी थे। मुख्य भूमिकाएँ संजीव कुमार, हेमा मालिनी, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, जयाभादुरी, अमजद खान, असरानी और अन्य कलाकारों ने निभाई थीं। शोले का मूल विषय अच्छाई और बुराई के बीच की लड़ाई है। फ़िल्म की कहानी एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी (संजीव कुमार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कुख्यात डाकू गब्बर सिंह (अमजद खान) को पकड़ने के लिए दो अपराधियों, वीरू (धर्मेंद्र) और जय (अमिताभ बच्चन) को काम पर रखता है। इसके अलावा, हेमा मालिनी और जया भादुड़ी ने बसंती और राधा की भूमिकाएँ निभाई हैं, जो वीरू और जय की प्रेमिकाएँ हैं। आर. डी. बर्मन ने संगीत दिया है।दो हीरो होने के बावजूद, अमिताभ बच्चन को इस फिल्म से फायदा हुआ। परिणामस्वरूप वे सुपरस्टार बन गए। शोले के बाद अमिताभ बच्चन ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा; उनका स्टारडम बढ़ता गया और उनकी फिल्में व्यावसायिक रूप से अधिक सफल होती गईं। संक्षेप में शोले ने अमिताभ को एक अखिल भारतीय सुपरस्टार बना दिया। ''एंग्री यंग मैन'' के उनके चित्रण को भारत में व्यापक रूप से अपनाया गया। राजेश खन्ना के युग से लेकर अमिताभ बच्चन के युग तक, बॉलीवुड में रोमांटिकतावाद से एक्शन और हिंसा की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव आया। यह फिल्म 15 अगस्त, 1975 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और भारत में आंतरिक आपातकाल के दौरान रिलीज़ हुई थी। शोले के प्रिंट 70 मिमी और 35 मिमी में उपलब्ध थे। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को एक नया खलनायक दिया, अमजद खान, जिन्होंने गब्बर सिंह की भूमिका निभाई। अमजद खान की गब्बर, गब्बर सिंह गुज्जर का एक काल्पनिक संस्करण है, जो एक वास्तविक डाकू था जिसने 1950 के दशक में ग्वालियर के आस-पास के गाँवों में आतंक मचा रखा था। आनंद बख्शी द्वारा लिखित, आर.डी. बर्मन द्वारा संगीतबद्ध और किशोर कुमार व मन्ना डे द्वारा गाए गए इस फ़िल्म के एक प्रसिद्ध गीत 'ये दोस्ती' को सर्वश्रेष्ठ दोस्ती गीत कहा जाता है। 'महबूबा महबूबा' को इसके संगीतकार आर.डी. बर्मन ने गाया था, जिन्हें उनके अभिनय के लिए पार्श्व गायन के एकमात्र फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। फ़िल्मों के संवाद जैसे 'कितने आदमी थे, 'जो डर गया, समझो मर गया', और 'बहुत याराना लगता है' आदि भारत में लोकप्रिय हो गए हैं। लोग इन और अन्य सामान्य बोलचाल की भाषाओं का प्रयोग अपनी रोज़मर्रा की बातचीत में करने लगे हैं। हर तरह से, इस फिल्म ने सामान्य रूप से भारतीय सिनेमा और विशेष रूप से बॉलीवुड के लिए एक मानक स्थापित किया। शोले को अभी भी एक ऐसी फिल्म के रूप में माना जाता है जिसने दूसरों के लिए मार्ग प्रशस्त किया, भले ही भारतीय सिनेमा ने तब से काफी प्रगति की है। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट द्वारा 2002 के एक सर्वेक्षण में शोले को अब तक की शीर्ष 10 भारतीय फिल्मों में स्थान दिया गया था। शोले की अर्ध शताब्दी वर्षगांठ के अवसर पर, यह फिल्म एक नई पीढ़ी को रोमांचित करने के लिए - पचास वर्षों के अंतराल के बाद - फिर से सिनेमाघरों में आ रही है।

## किरदार, संवाद और दोस्ती बनी भारत की सामूहिक याद

जब संवाद, पात्र और दृश्य लोकप्रिय लोककथाओं का हिस्सा बन जाते हैं, राष्ट्रीय स्मृति के ताने-बाने में समा जाते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी चलते रहते हैं, तब सिनेमा का जादू महसूस होता है। 'शोले' ऐसी ही फिल्म है, और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने फिल्म देखी है या नहीं। इस फिल्म को रिलीज हुए 50 साल हो गए हैं। यह एक 'कल्ट क्लासिक' बन चुकी है जिसे आज भी लोग देखते हैं और जिसका जिक्र लगभग हर मौके पर किया जाता है। और फिर, बैठक में देर से आने वाला कोई व्यक्ति जब कहता है, 'इतना सन्नाटा क्यों है भाई' तो सभी मुस्कुरा उठते हैं. जुड़ाव तुरंत हो जाता है। इस फिल्म से सभी अच्छी तरह वाकिफ हैं। रमेश सिप्पी की यह उत्कृष्ट कृति, जिसमें हास्य और रोमांस, मारधाड़ और त्रासदी का मिश्रण था, 15 अगस्त, 1975 को रिलीज हुई थी और इसकी अवधि तीन घंटे से ज्यादा थी। शुरुआत में इसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया नहीं मिली, लेकिन बाद के हफ्तों में इसका जादू छा गया। यही वह समय था जब 70 मिमी के परदे पर इतिहास रचा जा रहा था। संजीव कुमार, धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमामालिनी, जया बच्चन और 'गब्बर सिंह' का किरदार निभाने वाले अमजद खान समेत सभी कलाकारों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। लेकिन ठाकुर, जय, वीरू, बसंती और गब्बर ही ऐसे कलाकार नहीं हैं जो समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। एक-दो दृश्यों में मौजूद कई चरित्र कलाकारों को भी याद किया जाता है. कुछ को उनके संवादों के लिए याद किया जाता है। ए.के. हंगल द्वारा निभाया गया वृद्ध व अंधा पिता, जो इस बात से अनजान है कि उसका बेटा मारा गया है और वह पूछ रहा है कि लोग इतने शांत क्यों हैं या मैकमोहन, जो सांबा के रूप में प्रसिद्ध हुए और बस एक संवाद 'पूरे पचास हजार' बोला। मौसी, सूरमा भोपाली, 'अंग्रेजों के ज़माने के जेलर', कालिया याद हैं। ये फिल्म के कई किरदारों में से कुछ हैं, जो दर्शकों को हंसी से लेकर, डर तक महसूस कराते हैं। हर किरदार अपने आप में नायाब है। सलीम-जावेद की प्रसिद्ध पटकथा लेखक जोड़ी के एक सदस्य जावेद अख्तर ने कहा, 'ये (संवाद) भारतीय संस्कृति और आम बोलचाल का हिस्सा बन गए हैं। 50 साल पहले बनी एक फिल्म और आज तक इसके संवाद स्टैंड-अप कॉमेडी में इस्तेमाल किए जाते हैं। इसके संदर्भ दूसरी फिल्मों में भी इस्तेमाल किए जाते हैं और भाषा में भी, यहां तक कि राजनीतिक भाषणों और अन्य जगहों पर भी 'सलीम खान के साथ मिलकर इस फिल्म की पटकथा लिखने वाले अख्तर ने कहा कि फिल्म का कैनवास ऐसा था कि यह कालातीत हो गई। अख्तर ने कहा, 'इसमें सभी मानवीय भावनाओं का मिश्रण था। इसके लिए कोई सचेत प्रयास नहीं किया गया। यह बस हो गया।' फिल्म विद्वान, इतिहासकार और 'क्यूरेटर' अमृत गंगर के अनुसार, ''यह ऐसी बेहतरीन फिल्म है जिसमें सब चीजें थीं। भोजन की ऐसी थाली जिसमें कई व्यंजन होते हैं।'' उनके विचार से, जनता की कल्पना पर इस तरह का प्रभाव डालने वाली एकमात्र अन्य फिल्म 'मुगल-ए-आजम' है। उन्होंने कहा, ''शोले' बिना किसी भव्यता के जादू करती है, लेकिन इसमें शब्दों की ताकत है।'' 'मुगल-ए-आज़म' एक ऐतिहासिक प्रेमकथा है, जबकि 'शोले' आजादी के बाद के ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है। महिला किरदारों से फिल्म में चार चांद लग जाता है, चाहे वो बड़बोली व तांगा चलाने वाली बसंती (हेमामालिनी) हो या खामोश विधवा राधा (जया बच्चन), बसंती और वीरू के बीच के चुलबुले रोमांस को जय और सफ़ेद साड़ी पहनने वाली विधवा के बीच के अनकहे प्यार के साथ खूबसूरती से पेश किया गया है और दोनों ही आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। प्रतिशोधी ठाकुर (संजीव कुमार) एक ईमानदार और प्रगतिशील व्यक्ति है जो चाहता है कि उसकी बहू को फिर से प्यार मिले। सलीम-जावेद न सिर्फ़ समय के साथ चलने की कोशिश कर रहे थे, बल्कि उससे आगे भी थे। उनकी कल्पना ने हिंदी सिनेमा के सबसे चर्चित खलनायक को जन्म दिया। गब्बर सिंह, बिना किसी पृष्ठभूमि वाले डाकू ने ख़तरनाक शब्द को नयी परिभाषा दी। उनके कई संवाद बार-बार दोहराये जा चुके हैं- 'कितने आदमी थे', 'जो डर गया, समझो मर गया', 'पचास, पचास कोस...'फिल्म इतिहासकार, लेखक और अभिलेख विशेषज्ञ एस एम एम औसजा ने कहा कि 'शोले' उन दुर्लभ घटनाओं में से एक है, जब फिल्म के हर विभाग ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, 'यह एक अनोखा मामला है जहां सब कुछ सही जगह और सही समय पर हुआ।

## खबर संक्षेप

### युवक को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी ने बताया कि गश्त के दौरान युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान हरीश उर्फ शैंटी निवासी संजय नगर रोहतक के रूप में हुई। युवक के पास से 20 अध्धे व 96 पव्वे शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ अवैध शराब व अन्य धाराओं के तहत 7 मामले दर्ज है।

### परचून की दुकान में फिर हुई चोरी

**बहादुरगढ़।** जहांगीरपुर अड्डे पर स्थित परचून की दुकान एक बार फिर चोरों का निशाना बनी। झज्जर निवासी दुकानदार रोहताश ने बताया कि उनकी दुकान से चोर इन्वर्टर, सिगरेट के डिब्बे, बिस्कुट की पेटियां और अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित दुकानदार ने अधिकारियों को शिकायत दी, जिसके बाद बादली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इस दुकान में पहले भी कई बार चोरी की वारदात हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### ग्रामीणों ने पानी निकासी के लिए ड्रेन बनाए जाने की मांग उठाई

# भैणी सुरजन गांव के खेतों में बढ़ा जलस्तर किसानों ने गांव की सीमा पर बनाया बांध

**काफी जद्दोजहद के बाद ग्रामीणों ने बांध पर मिट्टी डालकर सैमाण गांव की ओर से आ रहे पानी के बहाव को रोका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** गहरे पानी में उतरकर बांध को मजबूत करने जाते भैणीसुरजन गांव के किसान। फोटो : हरिभूमि



**महम।** सैमाण गांव की सीमा पर पानी में बांध बनाने के बाद घर की ओर लौटते किसान। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार सुबह भैणीसुरजन गांव के खेतों में जल स्तर एकाएक बढ़ गया। पानी गांव की बस्ती की ओर बढ़ने लगा। ऐसे में ग्रामीणों को गांव के डूबने का खतरा सताने लगा। ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाते हुए सैमाण व भैणीसुरजन गांव की सीमा पर बनाए गए बांध को मजबूत करने का निर्णय लिया। सैकड़ों की संख्या में किसान हाथों में कस्सी लेकर गहरे पानी में उतर गए। चार पांच फुट गहरे पानी में बांध को मिट्टी से मजबूत बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था। पानी में से गारा मिट्टी निकालना मुश्किल हो गया। कई दिन से सड़क रहा बरसाती पानी बदबू मार रहा था। दुर्गंध के बीच काफी जद्दोजहद के बाद ग्रामीणों ने बांध पर मिट्टी डालकर सैमाण गांव की ओर से आ रहे पानी के बहाव को रोका। गांववासी श्री ओम सिवाच ने बताया कि पानी निकासी को लेकर प्रशासन का काफी सहयोग मिल रहा है। लेकिन पीछे से काफी मात्रा में पानी आ रहा है। जिसको रोका जाना जरूरी है। दूसरा पानी निकासी कार्य में तेजी लाई जाए। भैणीसुरजन गांव के पूर्व पंच धर्मबीर, पंच राज सिंह, पूर्व सरपंच रामनिवास, बलजीता, विनोद मास्टर, राजबीर, जगबीर फौजी व पप्पू ने बताया कि फिलहाल तो पानी निकासी का अस्थाई प्रबंध किया गया है। लेकिन जब तक स्थाई समाधान नहीं किया जाएगा, तब तक बरसाती पानी से यूं ही फसलें बर्बाद होती रहेंगी।

#### ग्रामीणों का आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस बार तो गांव में भी पानी घुस गया। सैमाण बड़ाली रोड पर अब भी पानी जमा है। गांव का स्टेडियम पानी से भर गया। सरकारी स्कूल भी जलभराव की चपेट में आ गया था। पानी जमा होने से कुछ मकान भी गिर गए थे। ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त धर्मेंद्र से भैणीसुरजन गांव के रकबे की पानी निकासी के लिए ड्रेन बनाए जाने की मांग की है। कहा है कि ड्रेन बन जाने के बाद ही उनको जलभराव से राहत मिल सकेगी।



**महम।** अलंकरण समारोह में चुने गए एचडी स्कूल खेड़ी महम के छात्र नेता अपने गुरुजनों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## एचडी स्कूल महम में हुआ अलंकरण समारोह, विधि बनी हेड गर्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एचडी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के चरणों में फूल अर्पित कर किया गया।

इस दौरान बारहवीं नॉन मेडिकल कक्षा के जतिन को हैड बॉय और बारहवीं मेडिकल की छात्रा विधि को हैड गर्ल चुना गया। सभी हाउस से स्पोर्ट्स और कैरिकुलर एक्टिविटी कप्तान और डिप्टी कप्ता, कक्षा मॉनिटर, लैंग्वेज मॉनिटर, बस लीडर चुने गए। अलंकरण के दौरान छात्र नेताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर निदेशक कुलवंत नहरा ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शिरकत की। बच्चों को बैज लगाकर उन्हें अपने पद की जिम्मेदारियों का निष्ठा पूर्वक निर्वाह करने के लिए प्रेरित भी किया तथा अन्य बच्चों को भी अपने व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता के गुण विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने अपने संबोधन में बच्चों को दी जिम्मेदारियां को सच्ची लगन और ईमानदारी से निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल सचिव संजीव छिल्लर, उपप्राचार्या इंदु नहरा, हाउस कोऑर्डिनेटर सतीश जांगड़ा, कोऑर्डिनेटर गीता, धर्मवीर, नवीन मुंजाल, रिंकी व राजू दांगी के साथ सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# जेजेपी महिला प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जननायक जनता पार्टी कार्यालय में महिला प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा रजनी मलिक एवं प्रदेश प्रभारी डॉ किरण पुनिया मुख्यातिथि उपस्थित हुई। जिला प्रभारी हरज्ञान मोखरा एवं जिलाध्यक्ष डॉ संदीप हुड्डा एवं पूर्व महिला जिला प्रधान प्रेमलता ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला रोहतक चारों हल्का प्रधान प्रवीण लांबा, राजेश गुलिया, प्रवेश कंसाला, कृष्ण घणघस ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक ने कहा कि जेजेपी में आज हर वर्ग, विशेषकर महिलाएं, बड़ी संख्या में जुड़ रही हैं और जेजेपी लगातार संगठनात्मक रूप से मजबूत हो रही है। पार्टी से जुड़ने वाले कार्यकर्ताओं ने भी भरोसा दिलाया कि वे पार्टी की विचारधारा और नीतियों से प्रभावित होकर ही शामिल हो रहे हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जब सरकार में थे तो तब महिला सशक्तिकरण के लिए पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में महिलाओं की 50 फीसदी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का कार्य किया गया।

प्रदेश प्रभारी डॉक्टर किरण पुनिया ने कहा कि आने वाले दिनों में प्रदेशभर में महिला सेल की सक्रियता और अधिक बढ़ाई जाएगी। महिलाओं की बड़ी भागीदारी ही जेजेपी को मज़बूती प्रदान कर रही है। प्रवक्ता जिला रोहतक एडवोकेट अजय कुमार इंदौरा ने बताया कि प्रेमलता, मीना मकड़ौली, सुमन दलाल कलानौर, सीमा, रामों, राजवंती, मुकेश, अनीता, कविता देसवाल, रितु, शांति, ज्योति, सुजीता, धर्मकौर, रामराजी, कृष्णा,हर्ष, मिलता, सावित्री, पायल, मनभावती, ज्योति, संतोष रहे।

# विद्यार्थी दृढ़ शक्ति पैदा करें : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** सेमिनार को सम्बोधित करते राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा मॉडल स्कूल में स्थापित 87वें बाल सलाह, परामर्श व कल्याण केन्द्र में किशोर विद्यार्थियों के लिए सफलता की ओर क़दम-बाधाओं पर विजय पाने के लिए तनाव को परिणाम में बदलना विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि जीवन में उत्पन्न होने वाली बाधाओं से पार पाकर ही विजयी बना जा सकता है और उसके लिए जरूरी है तनाव पैदा करने वाली स्थिति, वस्तु, व्यक्ति विशेष को प्रेरणा में बदलना। पहले समझना होगा कि किशोरावस्था निरंतर परिवर्तन और विकास की उम्र है। विद्यार्थी दृढ़ संकल्प शक्ति पैदा करें तथा इसके पश्चात दृढ़-निर्णय करके लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत, एकाग्रता, सहनशीलता से अध्ययन करें। आशावादी नजरिया, सकारात्मक सोच, अनुकूलन क्षमता, स्पष्ट योजना व आत्मविश्वास से निरंतर प्रयास करते रहें। अनिल मलिक ने कहा कि स्वस्थ, सकारात्मक व सृजनात्मक आदतें और दृष्टिकोण अपनाकर बाधाओं पर विजय हासिल की जा सकती है। सबसे पहले अपनी कमजोरियों को पहचानें और ताकत को जानें। मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाओं का मकसद न सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रिंसिपल ऋतु मदान ने कहा कि सेमिनार में चर्चित बिंदु सराहनीय रहे।

### छात्रवृत्ति को ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित जाति, घुमंतु, अर्धघुमंतु, टपरीवास, पिछड़े वर्ग तथा सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए डॉक्टर बीआर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 31 जनवरी 2026 तक आवेदन किए जा सकेंगे।

### पोर्टल पर पंजीकरण करवाना जरूरी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि खरीफ फसलों की बुआई कर चुके किसान अपनी फसल का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अवश्य करवाएं। सरकार ने किसानों के हित को देखते हुए पंजीकरण की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाकर अब 31 अगस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा खरीदी जाने वाली फसल केवल उन्हीं किसानों से खरीदी जाएगी।

# विकास कार्यों में गुणवत्ता का रखना होगा ध्यान, नहीं तो होगी कार्रवाई

- निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा ने तकनीकी शाखा की बैठक आयोजित कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** तकनीकी शाखा के अधिकारियों की बैठक लेते नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने मंगलवार को तकनीकी शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई और निर्देश दिए गए कि सभी विकास कार्यों का निरंतर निरीक्षण करें और कार्यों में गुणवता का विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही कार्यों को निर्धारित समयावधि में ही पूर्ण करवाया जाये। किसी भी कार्य में कोई भी ठेकेदार लापरवाही करे तो सम्बन्धित के विरूद्व नियमानुसार कार्रवाई की जाये। आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में बरसात के कारण कुछ कार्यो में समय लग रहा है, बरसात के पश्चात विकास कार्यों में तेजी लाई जायेगी तथा विकास कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करवाने के लिए प्रयासरत रहेंगें। बैठक के दौरान निर्देश दिए जा चुके है कि सभी सम्बन्धित फिल्ड में निरीक्षण कर, कार्यो की निगरानी करें क्योकि वह स्वयं भी चल रहे कार्यो का निरीक्षण करूंगा। आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा गड्ढे.रिपेयर/ पैच वर्क का कार्य अलॉट पूर्व में ही किया जा चुका है। बरसात के पश्चात गड्ढे. भरवाने का कार्य भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा शौचालयो के सफाई का कार्य चल रहा है तथा जिसकी निरंतर निगरानी की जा रही है। बैठक में संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया व नवीन कुमार धनखड़, सहायक अभियंता तुरूण कुमार, शांत सुहाग, विरेन्द्र हुड्डा, सत्य व्रत, सुनील कुमार व कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।



### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में हुई चैस प्रतिस्पर्धा

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में अंतर्सदन चेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा चौथी से बारहवीं तक के छात्रों ने बड़े उत्साह व जोश के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और खेल के विभिन्न पहलुओं को समझा। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने सभी विजेताओं को बधाई दी और अन्य प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

**सूचना**

मैं, प्रेम पत्नी श्री दिलबाग निवासी वार्ड नंबर-7, महम, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र मोनू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### नई पीढ़ी को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस जानकारी जरूरी

# कांग्रेस ने नई पीढ़ी को इतिहास से रखा वंचित : मनीष ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई से संबंधित स्कूलों में हर साल 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर कार्यक्रम कराने का फैसला लिया है ताकि देश की नई पीढ़ी को इस दिवस के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी पता चल सके। इसके लिए एक विशेष मॉड्यूल तैयार किया गया है। जबकि कांग्रेस ने देश की नई पीढ़ी को असली इतिहास से वंचित रखने का काम किया। उन्होंने इस ऐतिहासिक और सराहनीय फैसले पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया।

अपने निवास स्थान पर मीडिया से बातचीत में पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि कांग्रेस ने देश के असली इतिहास को खत्म करने का काम किया है। करोड़ों भारतीय 14 अगस्त 1947 को कभी नहीं भूल सकते, जब देश का विभाजन किया गया तो लाखों हिंदू और सिख भाई बहनों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। लाखों लोग घर से बेघर हो गए थे। कांग्रेस ने वोट बैंक के चक्कर में आज तक पूर्वजों को याद नहीं किया, लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का फैसला लेकर करोड़ों हिंदुओं और सिख भाई बहनों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद सीबीएसई से संबंधित स्कूलों और सांस्कृतिक विभाग की ओर से 14 अगस्त को कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी पर भी एक विशेष मॉड्यूल अपलोड किया गया है। स्कूलों में बुजुर्गों या विशेष व्यक्तियों को आमंत्रित करके 14 अगस्त 1947 के दर्द को नई पीढ़ी के समक्ष रखा जाएगा।

#### नए रिंग रोड से खुलेंगे तरक्की के रास्ते



उन्होंने दिल्ली एयरपोर्ट तक द्वारका एक्सप्रेस वे और बहादुरगढ़ के पास एक नया रिंग रोड देकर प्रदेश के लाखों लोगों को बड़ी सौगात देने का काम किया है। इस प्रोजेक्ट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष सहयोग रहा है। इस नए रिंग रोड के चालू होने से हरियाणा की प्रगति के नए रास्ते खुलेंगे।

पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर

#### केंद्र और राज्य सरकार का आभार जताया

▶▶| केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, अब स्कूलों में विभाजन विभीषिका दिवस 14 अगस्त पर हर साल होंगे प्रोग्राम ▶▶| मोदी सरकार ने सीबीएसई से संबंधित स्कूलों और सांस्कृतिक विभाग को दिए निर्देश ▶▶| नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी पर स्पेशल मॉड्यूल अपलोड किया ▶▶| ग्रोवर ने इस फैसले पर केंद्र और राज्य सरकार का आभार जताया

# फोन छीनकर खाते से निकाले 87 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

क्षेत्र में आपराधिक वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही। ताजा मामला जाखोदा गांव का है, जहां किसी शातिर ने एक बच्ची के हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और फिर खाते से 87 हजार रुपये निकाल लिए।

जानकारी के अनुसार, बिहार मूल का बच्चन अपने परिवार सहित जाखोदा गांव में रह रहा है और एक कंपनी में कार्यरत है। सोमवार को उसकी 13 वर्षीय बेटी मोबाइल चला रही थी। इसी दौरान एक शख्स मोबाइल फोन छीनकर बदमाश फरार हो गया। इसके बाद खाते से 87 हजार रुपये निकाल लिए गए। इसके बाद पीड़ति ने पुलिस को सूचना दी। क्षेत्र में आपराधिक वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही।सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक केस दर्ज नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर साफ हो पाएगी।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ADMISSION OPEN
ANM 2 YEARS | GNM 3 YEARS | JBT 2 YEARS
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks
SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

hartron ISO 9001 : 2015
Enhance your talent
HARTRON SKILL CENTRE For Computer Education & Training
M.7206002575, 8929411222
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak
ADMISSION OPEN-2025

| Sr. No. | Name of Course | Course Duration |
|---|---|---|
| 1. | Computer Hardware and Networking Associate | 52 (Weeks) |
| 2. | Course In Computer Application | 52 (Weeks |
| 3. | Course in Digital Accounting | 52 (Weeks |
| 4. | Course in Designing and Publishing | 52 (Weeks |
| 5. | Course in Web Technology | 52 (Weeks |
| 6. | Course in Software Development | 52 (Weeks |
| 7. | Advanced Course in Computer Application | 52 (Weeks |
| 8. | Digital Marketing Assistant | 26 (Weeks |
| 9. | Software Or Application Testing Assistant | 26 (Weeks |
| 10. | Assistant PHP Developer | 26 (Weeks) |
| 11. | Hardware Peripheral and Installation Assistant | 26 (Weeks |
| 12. | Application Development -Android | 26 (Weeks |
| 13. | Course in IT Foundation and Tools | 26 (Weeks |
| 14. | Certificate Course in Computer Basics & Accounting | 26 (Weeks) |
| 15. | Certificate Course in Web Designing and Multimedia | 26 (Weeks |
| 16. | C Language | 04 (Weeks |
| 17. | C Plus Plus With Oops | 08 (Weeks) |
| 18. | PHP With Mysql | 04 (Weeks) |
| 19. | Core Java | 06 (Weeks |
| 20. | Advance Java | 08 (Weeks |
| 21. | Financial Accounting | 06 (Weeks) |
| 22. | Autocad | 08 (Weeks) |
| 23. | Fundamentals of Cyber Security | 06 (Weeks) |
| 24. | Programming with Python | 12 (Weeks) |
| 25. | Fundamentals of Computer | 12 (Weeks) |

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT | HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT | Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course (नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA | B. COM - M. COM
BCA - MCA | LLB - LLM
BBA - MBA | & many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173

## खबर संक्षेप



### गोवंश की अनदेखी पर संयुक्त आयुक्त को शिकायत दी

**रोहतक।** पिछले काफी दिनों से शहर में गोवंश की मौत होने पर उसको मिट्टी ना दे कर खुले आम प्लाट में फेंकने के कई मामले सामने आए हैं। इस मामले में शहीद भगत सिंह गोरक्षा दल व राष्ट्रीय बजरंग दल ने मिलकर अखण्ड हरिधाम सेवा ट्रस्ट के सानिध्य में आवाज उठाई। आज इस मामले में एसपी को शिकायत भेजी गई। साथ ही संयुक्त आयुक्त को शिकायत की गई। उन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय बजरंग दल से साहिल ढल, शहीद गो रक्षक दल से प्रिंस हुड़िया, मोनू, अंकुश बिड्डू एवं अन्य साथी मौजूद रहे।

### पत्रकारिता विभाग में एंटी रैगिंग संवाद किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में शिक्षक-विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एंटी रैगिंग के मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर को रैगिंग-मुक्त बनाना और विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में विभाग के विद्यार्थियों ने किसी भी प्रकार की रैगिंग न करने तथा मीडिया के छात्र होने के नाते समाज में रैगिंग के विरुद्ध जन जागरूकता फैलाने की शपथ ली। यह शपथ प्राध्यापक सुनित मुखर्जी द्वारा दिलाई गई। इस संवाद कार्यक्रम का सफल संयोजन प्राध्यापक सुनित मुखर्जी और डॉ. नवीन कुमार ने मिलकर किया। दोनों शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जागरूक रहकर रैगिंग जैसी घटनाओं का विरोध करने और ज़रूरत पड़ने पर प्राधिकारियों को सूचित करने का आह्वान किया।

### निगम द्वारा 24 घंटे बिजली का देने के दावा फेल

# शहर में बिजली के अघोषित कटों से लोग बेहाल, 400 से अधिक शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उमस भरी गर्मी से जहां लोगों का हाल-बेहाल है वहीं बिजली के अघोषित कटों से भी जीना मुहाल हो रहा है। 400 से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गई। शहरभर में हर घंटे लग रहे बिजली के कटों से हर कोई परेशान दिखा। लोगों का आरोप है कि वे बिजली समस्या के समाधान के लिए कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। साथ ही ऑनलाइन कम्पलेन पर भी कोई जवान नहीं मिल रहा है। इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं, अधिकारियों का तर्क है कि बिजली आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं है, कहीं लोकल फाल्ट के कारण यह समस्या हो रही है। साथ ही बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य के लिए कट लगाए जा रहे हैं। लेकिन सवाल उठता है कि मानसून से पहले मरम्मत कार्य पूरे क्यों नहीं किए गए। शहरी उपभोक्ताओं को निगम की ओर से 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा है। इन दिनों निगम का यह दावा पूरी तरह से हवा में नजर आ रहा है। एक तो उमस भरी गर्मी ने लोगों का हाल-बेहाल किया हुआ है, वहीं बिजली के अघोषित कटों ने भी पसीने छुड़ा रखे हैं। शहरभर में बिजली आपूर्ति के एक घंटे में 15-20 मिनट के अघोषित कट लग रहे हैं। मंगलवार को सुबह से ही बिजली के कट शुरू हो गए थे।

#### मरम्मत के नाम पर बिजली कटौती



बिजली निगम के शिकायत केंद्र पर सोमवार को 410 से अधिक लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराईं। बताया जा रहा है कि सोमवार को बिजली मरम्मत कार्य के नाम पर भी बिजली की कटौती की गई। जिसके कारण लोग दिन भर शिकायत केंद्र पर फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कराते रहे।

#### पेयजल के लिए तरसे

कॉलोनियों में बिजली सप्लाई न होने से लोगों को पेयजल और दैनिक कार्यों के लिए पानी नहीं मिल सका। पानी की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में लोगों को नहीं मिल पाई। इन कॉलोनियों में सोमवार सुबह बिजली सप्लाई चालू हुई तो पानी की सप्लाई बंद हो गई थी।

#### स्पेयर ट्रांसफार्मर कहां हैं

बिजली निगम के अधिकारी दावा करते हैं कि उनके पास स्पेयर में ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। जिन्हें आपात स्थिति में प्रयोग किया जा सकता है। इसके बाद भी सोमवार को बिजली पूरी गुल रही। जबकि भीषण गर्मी के मौसम में जरूरी है कि कुछ ट्रांसफार्मर स्पेयर में रखे जाएं, जिससे आपात स्थिति में इनका प्रयोग किया जा सके।

## महम में खतरनाक हुआ एनएच-9 का मोड़ वकीलों ने उठाई पौधों को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम में दिल्ली हिसार हाइवे एनएच 9 पर रोहतक बाइपास मोड़ पर डिवाइडर के बीच पौधे बढ़ जाने से सड़क दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। महम बार एसोसिएशन के वकीलों ने जिला प्रशासन से इस हाइवे के खतरनाक होते जा रहे मोड़ पर उचित कदम उठाने की मांग की है। महम बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट प्रदीप ढाका, पूर्व प्रधान रोहतास राठी, वेदप्रकाश अहलावत, एडवोकेट कुलदीपराठी, एडवोकेट प्रवीण गोयत, जितेंद्र सैनी, प्रदीप अहलावत व सोमी अहलावत समेत बार के कई वकीलों इस संबंध में जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह और महम के एसडीएम मुकुल से मोड़ पर उगे पौधों को हटाने की मांग की है।



**महम।** एनएच 9 के मोड़ पर डिवाडर पर उगाए गए पौधों को दिखाते महम बार एसोसिएशन के वकील।

#### पौधों के कारण हिसार की ओर से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते

वकीलों ने कहा है कि जब खरकड़ा की ओर से नेशनल हाइवे पर से महम शहर की ओर मुड़ते हैं, तो हिसार की ओर से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते। जिस वजह से यहां पर कभी भी कोई बड़ी हादसा हो सकता है। कुलदीप राठी ने बताया कि महम बाइपास मोड़ पर डिवाइडर के बीच उगे इन पौधों को यहां से हटाया जाए, अथवा इनकी कटाई की जाए, ताकि यहां पर कोई हादसा न हो सके। ऐन मोड़ पर थोड़े एरिया में पौधे नहीं हैं। लेकिन थोड़ी सी दूरी पर ही एक तीव्र मोड़ है, जिस पर कनेर के ऊंचे पौधे उगे हुए हैं। जिस कारण सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं दे रहे। वकीलों ने कहा कि इस चौक पर कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।

### विश्व उद्यमिता दिवस पर वीसी से विद्यार्थियों को जोड़ेंगे : डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 21 अगस्त को विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर हिसार स्थित चौ. चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। सरकार के निर्देशानुसार सभी जिलों में स्थित शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़ने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे।

## ड्यूटी कर रहा युवक, रिकॉर्ड में मृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- **आरोप : कोविड काल से नहीं मिली सैलरी, आयोग ने तलब की रिपोर्ट, चार हफ्तों का टाइम दिया**

हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारी विजय कुमार के मामले में कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग ने सम्बंधित विभाग से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। पीड़ित को कोराना काल के बाद के समय में वेतन देने से इस आधार पर रोका गया कि आधार रिकॉर्ड में उनका स्टेट्स मृतक है। जबकि वह जीवित हैं और रेगुलर अपना काम कर रहा हैं। इस वजह से कर्मचारी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आयोग के दखल के बाद अधिकारी सकते में हैं।

जानकारी के अनुसार, आयोग के सामने प्रस्तुत तथ्यों से स्पष्ट पाया गया कि कि लोक स्वास्थ्य विभाग ने शिकायतकर्ता का रिकॉर्ड हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेडपोर्टल पर अपडेट नहीं किया। जबकि यह तथ्य उनके संज्ञान में था कि आधार में दर्ज मृतक का स्टेटस गलती से हुआ हैं। आयोग ने इस पर टिप्पणी की है। जिसमें कहा गया कि इस लापरवाही के कारण ही शिकायतकर्ता को लंबे समय तक सैलरी नहीं मिलने के कारण मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी। ऐसी स्थिति किसी व्यक्ति के गरिमा के साथ काम करने के अधिकार को कमजोर करती है और अनावश्यक कठिनाई पैदा करती है। आयोग को शिकायतकर्ता के अधिकारों के उल्लंघन और प्रशासनिक लापरवाही के प्रमाण मिलते हैं। विभाग के रिकॉर्ड शिकायतकर्ता को मृतक घोषित करते हैं, जबकि उसका प्रतिदिन कार्यस्थल पर उपस्थित रहना और दायित्व निभाना इसका जीवंत प्रमाण है। उसके कार्य को स्वीकार करना लेकिन वेतन न देना इस विरोधाभास को और स्पष्ट करता है।

इस मामले में आयोग ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, रोहतक सर्कल के अधीक्षण अभियंता और कार्यकारी अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग रोहतक संदीप कुमार को यह निर्देश दिया है कि वे चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## हॉस्टल पोर्टल खुलवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीयू में छात्रों की लंबे समय से चली आ रही हॉस्टल की मांग को लेकर छात्र एएसएपी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ व छात्र नेता जोगिंदर (जोगा) ने हॉस्टल पोर्टल खोलने के लिए चीफ वार्डन डॉ. सुधीर चौधरी को ज्ञापन सौंपा। दीपक धनकड़ ने कहा कि प्रशासन से जो भी मांग होगी, उसे पूरा कराने के लिए हम तत्पर रहेंगे। विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान कराना हमारी प्राथमिकता है। हॉस्टल पोर्टल खुलने से सैकड़ों छात्रों को राहत मिलेगी और कोई भी विद्यार्थी बाहर रहने को मजबूर नहीं होगा। छात्र नेता जोगेंद्र (जोगा) ने कहा गया कि हाल ही में हुई ओपन काउंसलिंग में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों और पहले के बचे हुए विद्यार्थियों को हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराना बेहद ज़रूरी है। क्योंकि विश्वविद्यालय में दूर-दराज़ से आने वाले विद्यार्थी निजी मकानों और पीजी में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। एएसएपी के प्रदेश उपाध्यक्ष रॉबिन मलिक ने कहा कि एमडीयू में पढ़ने आने वाले अनेक विद्यार्थी रोज़ाना 50 किलोमीटर से भी अधिक दूरी तय करके आते हैं। कई बार बसें लेट हो जाती हैं, तो छात्र देर रात तक अपने घर पहुंच पाते हैं। हॉस्टल पोर्टल न खुलने के कारण छात्रों को न सिर्फ़ शैक्षणिक नुकसान झेलना पड़ता है, बल्कि आर्थिक और मानसिक बोझ भी उठाना पड़ता है। इस अवसर पर ललित, मनीष अहलावत, अमन आलडिया, साहिल चांवरिया, जतिन, नितिन आदि मौजूद रहे।



## प्रभावी संवाद कार्य कुशलता की कुंजी: प्रो. राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज द्वारा 'कम्युनिकेशन स्किल्स एट वर्कप्लेस' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर प्रभावी संचार के महत्व को रेखांकित करना और कर्मचारियों में संवाद क्षमताओं को निखारना रहा। अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा ने बतौर की-नोट स्पीकर कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर संवाद केवल सूचना का आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि यह आपसी विश्वास, स्पष्टता और सकारात्मक वातावरण की नींव रखता है। उन्होंने बताया कि प्रभावी कम्यूनिकेशन में भाषा की शुद्धता, श्रोता की मनोवृत्ति को समझना, बॉडी लैंग्वेज, तथा फीडबैक जैसी चीजें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रो. रणदीप राणा ने उदाहरणों के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया कि कई बार अच्छा विचार सिर्फ इसलिए अस्वीकार हो जाता है क्योंकि उसे प्रभावी ढंग से प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को सक्रिय सुनने, सहानुभूतिपूर्ण उत्तर देने और व्यावसायिक ईमेल लेखन जैसे व्यवहारिक पहलुओं पर भी मार्गदर्शन दिया। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने कहा कि वर्तमान प्रशासनिक एवं शैक्षणिक परिवेश में प्रभावी संवाद न केवल कार्यक्षमता बढ़ाता है, बल्कि टीम भावना, समन्वय और संस्थागत विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## हिमगिरी ब्वॉयज हॉस्टल में हवन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के हिमगिरी बॉयज़ हॉस्टल में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सुधीर कुमार, हॉस्टल वार्डन डॉ. सुरेंद्र सिंह, सहायक संजय कुमार, स्टाफ सदस्य,मैस कर्मी तथा छात्र उपस्थित रहे। हवन यज्ञ का शुभारंभ सोनू शर्मा (संस्कृत विभाग) ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। यज्ञ का उद्देश्य पर्यावरण शुद्धि, मानसिक शांति और छात्रों के सर्वांगीण विकास की कामना करना था। इस अवसर पर चीफ वार्डन प्रो. सुधीर कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और एकता की भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने सभी छात्रों को अनुशासन में रहने का आह्वान किया।

## शिक्षक संघ मुख्य चुनाव आयुक्त से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य प्रधान तरुण सुहाग व राज्य महासचिव राजेश शर्मा की अध्यक्षता में मुख्य चुनाव आयुक्त हरियाणा से मिले। यह जानकारी जिला प्रधान रामराज कादयान ने दी।

उन्होंने बताया कि राज्य प्रवक्ता अमित छाबड़ा द्वारा बीएलओ ड्यूटी के संदर्भ में महत्वपूर्ण तथ्यों को मुख्य चुनाव आयुक्त के संज्ञान में लाते हुए बताया कि हरियाणा राज्य की सभी 90 विधानसभाओं में बीएलो को नियुक्त किया गया है, जिसमें नगर निगम, आईटीआई, प्राइवेट स्कूल आदि विभिन्न संस्थानों के कर्मचारी भी मौजूद हैं। इसके उपरांत भी वहां पर प्राथमिक शिक्षकों को बीएलओ नियुक्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ड्यूटी के कारण बच्चों की पढ़ाई बहुत ज्यादा प्रभावित होती है, क्योंकि हरियाणा में प्राथमिक अध्यापकों की पहले ही बहुत कमी है तथा बहुत सारे स्कूलों में एक प्राथमिक शिक्षक के पास दो या तीन कक्षाएं हैं। इसके साथ-साथ अपने विद्यालय को छोड़कर दूसरे कार्यालय में जाकर काम करना भी असुविधापूर्ण है। इस मौके पर जिला महासचिव संजय चोपड़ा, जिला कोषाध्यक्ष विजय हुड्डा, राज्य उप प्रधान ललित कुमार, जिला प्रवक्ता बिजेंद्र बाह्मनिया, जिला उप प्रधान संदीप दहिया मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### पीजीआई में इलाज होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

# मुठभेड़ मामले में तीनों आरोपी कोर्ट में पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सीआईए-1 स्टाफ व बदमाशों के साथ 12 अगस्त की रात को मुठभेड़ हुई थी। आरोपियों द्वारा पुलिस पर फायरिंग की गई। पुलिस टीम ने सेल्फ डिफेंस में कार्यवाही करते हुये आरोपियों के पैरो की तरफ फायरिंग की थी। जिसमें दो आरोपियों को पैरो में गोली लगी थी। तीनों आरोपियों को इलाज के लिये पीजीआईएमएस में दाखिल कराया गया। आरोपियों का इलाज होने पर तीनों आरोपियों को 18 अगस्त को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है।

सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि टीम सरकारी वाहन में सवार होकर थाना शिवाजी कॉलोनी एरिया में गश्त में मौजूद थी। इस दौरान रात 12 बजे मीट मार्किट की तरफ से मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक आते दिखाई दिए थे। सीआईए-1 स्टाफ की टीम द्वारा युवकों को रुकने का इशारा किया गया। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे दोनों युवक हाथों में हथियार लहराते हुए शिखर वाला चौक की तरफ मोटरसाइकिल भगा ले गए। सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने युवकों का पीछा किया था। सीआईए-1 स्टाफ द्वारा तुरंत सूचना कंट्रोल रुम में दी गई तथा आस-पास एरिया में मौजूद पुलिस टीमों को अलर्ट किया गया। युवकों ने शिखर वाला चौक से मोटरसाइकिल को बालचंद चौक की तरफ मोड़ दी। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठ लड़कों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर सीधा फायर किया था। पुलिस टीम ने अपना बचाव करते हुए युवकों का पीछा किया गया। कुछ दूर चलने पर सड़क पर पड़े पत्थरों के कारण मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने से मोटरसाइकिल गिर गई। सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने युवकों को सरेंडर करने की चेतावनी देते हुए हवाई फायर किया। मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल के नीचे दब गया और दोनों युवकों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से तीन फॉयर किए। पुलिस टीम ने अपना बचाव किया। पुलिस टीम ने बहादुरी व तत्परता से कार्यवाही करते हुए दोनों युवकों पर सेल्फ़ डिफ़ेंस में पैरों की तरफ एक-एक फॉयर करते हुए युवकों को हथियार सहित काबू किया गया। युवकों की पहचान पुष्पेंद्र निवासी खौरा बिसल रोड, जयपुर व आजाद निवासी भोजगढ़ झुंझुनू हाल दिवान नगर रोजदा रोड, जयपुर के रूप में हुई है। दोनों आरोपी गोली लगने से घायल हो गए।

मोटरसाइकिल चालक की पहचान मुरारी निवासी गांव बलम्बा के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा तीनों युवकों को तुरंत इलाज के लिए पीजीआईएमएस रोहतक में दाखिल कराया गया। युवको के खिलाफ पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से गोलियां चलाने, अवैध हथियारों का प्रयोग करने आदि अपराध करने पर थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज किया गया था।



**रोहतक।** गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस टीम।

#### दुकान-मकान से हथियारों के बल पर लूट की थी

तीनों युवको ने 7 अगस्त को झज्जर रोड के पास स्थित दुकान-मकान पर हथियारों के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने दुकान के उपर बने मकान पर मकान मालिक अशोक, अशोक की पत्नी व उनके दुकान पर काम करने वाले युवक को हथियार की नोक पर बंधक बना लिया। युवकों ने घर से करीब डेढ़ लाख रुपये, डायमंड की चूड़ियां, अंगूठी व सोने-चांदी के आभूषण लेकर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से फरार हो गये। आरोपियों के खिलाफ थाना आर्य नगर में केस दर्ज है। आरोपी पुष्पेंद्र पर लड़ाई-झगडे, जानलेवा हमला, गाड़ी लूट आदि के करीब 4 मामले जिला राजस्थान में दर्ज है। आरोपी ने मार्च 2025 में जानलेवा हमले की वारदात को अंजाम दिया था जिसमे आरोपी फरार चल रहा है। आरोपी आयुष का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

### 63 हजार रुपये की ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने 63 हजार रुपये की ठगी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान रोहित निवासी अर्जुनपुर जिला हरदोई उतर प्रदेश के रूप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी अंकिता ने बताया कि 27 मार्च को प्राइवेट कंपनी खाना प्ले जॉन में कार्यरत मैनेजर राजेश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि खाना प्ले जॉन कम्पनी ने 63 हजार रुपये का केरला से कोई सामान मंगवाने के लिए ट्रांसपोर्ट कंपनी वीआरएल लॉजिस्टिक से सम्पर्क किया। ट्रांसपोर्ट कंपनी ने सामान पहुंचाने से पहले 18900 रुपये पेय करने बारे कहा। खाना प्ले जॉन कंपनी ने उनके कहे अनुसार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जिसके बाद बकाया रकम की मांग करते हुए 12600 रुपये और ट्रांसफर कर दिए। ट्रांसपोर्ट कम्पनी वीआरएल लॉजिस्टिक्स कंपनी ने बाकी बकाया रकम पहले पेय करने बारे कहा और उसके बाद माल भेजने की बात कही। कम्पनी ने बकाया राशि उनके खाते में 31 हजार 500 रुपये ट्रांसफर कर दी।